## एक नजर में

### बालिका टीम ने अपने खेल का उत्कर्ष करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया

**सरदारपुर।** 44वी राष्ट्रीय शूटिंगबॉल चैंपियनशिप 2025-26 आंध्र प्रदेश के बापतला जिला में आयोजित की गई इसमें अंडर -17 ओर अंडर -19 में खंडवा जिले से 3 बालिकाओं - सोनू डावर (कैप्टन)और सुनयना पचौरे (वाइस कैप्टन) व प्राची मालाकार का चयन हुआ मध्यप्रदेश बालिका टीम ने अपने खेल का उत्कर्ष करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया एवं बालक वर्ग में तालिब खान (कैप्टन) , आकाश पाटिल, युवराज सिंग राजपूत, दुर्गेश दानी, अनस खान, विकास भार्गव ने मध्यप्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए बालक वर्ग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया जिसमें वरिष्ठ कोच की भूमिका श्रीमती हेमलता चटवानी व कोच मैनेजर की भूमिका ममता तिवारी , श्री राजेन्द्र नायडू (वरिष्ठ कोच), अमित जांगिड़ (सहायक कोच/सचिव), तेजपाल महाजन (जिला वॉलीबॉल सचिव) खंडवा खेल प्रकोष्ठ श्री आशीष चटकले, दिनेश पालीवाल, मनीषा पाटिल (छात्रावास अधीक्षिका), मंगल यादव (अध्यक्ष कुश्ती संघ), देवेंद वर्मा( पूर्व विधायक), पिंकी वानखेडे (जनपद अध्यक्ष) , रूपसिंह कलेश (जिला खेल अधिकारी), संतोष जैन, अक्षत जैन (संचालक अरिहंत पब्लिक स्कूल), प्रियांशी कनाडे जिला खंडवा के खेल प्रेमी पलकगण की ओर से खिलाड़ियों को शुभकामनाएं एवं आशीष वचन प्रेषित किया गया व सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल प्रकोष्ठ द्वारा सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया गया

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने बुझाई ग्रामीणों की प्यास



ग्राम पंचायत बिडवाल के वार्ड क्रमांक 4 में लगभग 4 वर्ष पूर्व पंचायत द्वारा पीएचई विभाग से अनुरोध कर नलकूप खनन करवाया था, किंतु विभाग नलकूप खनन कर हैंडपंप लगाना भूल गया । वार्ड वासियों द्वारा पंचायत एवं विभाग को मौखिक निवेदन किए लेकिन समस्या जस की तस बनी रही ।लोग दूर-दराज से पानी लाने के लिए मजबूर थे । निवासियों द्वारा यह समस्या तहसील विधिक सेवा बदनावर के पैरालेगल वॉलिंटियर डॉ. मोहितसिंह चौहान के संज्ञान में लाई गई । इसके उपरांत डॉ. चौहान ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमेश पांचाल जी को आवेदन प्रस्तुत किया । सचिव महोदय द्वारा बदनावर एस. डी. एम. प्रियंका मिमरोट को आवेदन की प्रति प्रेषित कर हैंडपंप लगवाने के लिए निर्देशित किया । प्राधिकरण के हस्तक्षेप पश्चात विभाग ने आनन फानन में हैंडपंप लगाया । अब सभी वार्डवासी एवं राहगीर पानी से अपने होठों की प्यास बूझाकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को धन्यवाद दे रहे हैं । इस कार्य में पंचायत सरपंच आशीष वानखेड़े ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

### मुख्य सचिव जैन ने 5 जून से आयोजित होने वाले राज्यस्तरीय जनकल्याण अभियान की समीक्षा की

**धार** । मुख्य सचिव अनुराग जैन बुधवार को मंत्रालय से वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से 5 जून से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय जनकल्याण अभियान में पात्र हितग्राहियों को केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से अभियान की तैयारियों की समीक्षा की। मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन ने कलेक्टर्स से कहा है कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव की प्राथमिकता के अनुरूप 5 जून से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय जनकल्याण अभियान में पात्र हितग्राहियों को केंद्र और राज्य की विभिन्न योजनाओं का लाभ देना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा है कि इस दौरान विश्व पर्यावरण दिवस पर 卐एक पे? माँ के नाम卐 और स्वच्छता अभियान, जनकल्याण शिविर, प्राकृतिक खेती कार्य-शालाएं तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस गतिविधियों का उत्कृष्ट क्रियान्वयन हो जिससे देश में मध्यप्रदेश अग्रणी हो। उन्होंने कलेक्टर्स से कहा है कि प्रदेश के लिए यह गौरान्वित करने वाली बात है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के 25 दिन पूर्व खजुराहो से काउंट-डाउन शुरू हुआ है। ऐसे में हम सबका यह उत्तरदायित्व है कि शरीर को निरोगी रखने वाले योग से जन-जन को जोड़ें और नया रिकार्ड कायम करें। उन्होंने कहा कि कलेक्टर्स प्रयास करें कि योग का एक कार्यक्रम जिले की ऐतिहासिक धरोहर अथवा पर्यटन स्थल पर जरूर आयोजित हो। बैठक में बताया गया कि गिनीज बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के लिए योग की व्यक्तिगत श्रेणी की गतिविधि 14 जून को भी होगी जिससे लोग टोल-फ्री नंबर 18003157008 पर पंजीयन करवा सकते हैं। इस दिन यह आयोजन सुबह 6.15 से 7.35 बजे तक होगा। मुख्य सचिव श्री जैन ने कलेक्टर्स से कहा कि प्रभारी मंत्री से समन्वय कर कलेक्टर्स विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस तक होने वाली सभी गतिविधियों के लिए प्लान तैयार करें। उन्होंने पिछले वर्ष %एक पे? मां के नाम में मध्यप्रदेश की देश में टॉप रैंक होने पर बधाई देते हुए कहा कि इस वर्ष भी प्रदेश को अग्रणी रखने के लिए पूरी प्लानिंग से नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में पौध-रोपण किया जाए। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव 5 जून को भोपाल से अभियान का शुभारंभ करेंगे। इस दौरान पूरे प्रदेश में जल चेतना और पर्यावरण सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। पौध-रोपण जियो टैगिंग और क्यू आर कोड के साथ किया जाएगा। इस गतिविधि के तहत स्वच्छता अभियान चलाकर ठोस और प्लास्टिक अपशिष्ट की सफाई के साथ जल स्त्रोतों की सफाई और गहरीकरण के कार्य भी किए जाएंगे। उन्होंने 12 से 18 जून की अवधि में हर ब्लाक में 3 दिवसीय जनकल्याण शिविर लगाने पर सर्वाधिक फोकस करने के कलेक्टर्स को निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि हितग्राही का योजनाओं के लिए चयन और प्रचलित योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने में पूरी गंभीरता बरतें। उन्होंने इस दौरान लोक सेवा गारंटी में प्राप्त शिकायतों के साथ ही समाधान एक दिन में प्राप्त आवेदनों का संतुष्टि पूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा है कि संबंधित विभाग संवदेनशील रहें ।

### फुलगावड़ी में पशुपालक जागरूकता कार्यशाला

**धार** . संचालनालय, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मध्यप्रदेश (भोपाल) के निर्देशानुसार दुग्ध उत्पादकों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने के लिए जिले के दुग्ध संघ शीत केंद्र फुलगावड़ी में एक दिवसीय पशुपालक जागरूकता कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में क्षेत्र के 100 से अधिक उत्साही पशुपालकों और दुग्ध उत्पादकों ने सहभागिता कर विभागीय योजनाओं एवं उन्नत तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। मुख्य अतिथि उपसंचालक (पशु चिकित्सा सेवाएं जिला धार) डॉ. राकेश सिंह सिसोदिया रहे। कार्यशाला में ब्लॉक वेटरिनरी ऑफिसर धार डॉ. विक्रम पंवार, जिला नोडल अधिकारी (क्षीर धारा ग्राम योजना) डॉ. जे.वी.बी. राजू, ब्लॉक वेटरिनरी ऑफिसर सरदारपुर डॉ. दिलीप गामड़ एवं पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. मीनाक्षी डावर ने उपस्थित होकर पशुपालकों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। साइलेज निर्माण और संतुलित आहार पर रहा विशेष फोकस कार्यशाला में पशु चिकित्सा विशेषज्ञों ने पशुपालकों को वैज्ञानिक पशुपालन, दुग्ध उत्पादन में वृद्धि, पशुओं के संतुलित आहार प्रबंधन, खनिज मिश्रण के महत्व, रोग नियंत्रण एवं समय पर टीकाकरण की जानकारी कार्यशाला के सफल संचालन में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी हेमराज कटारा, अशोक मालवीय, सुनीता डामोर एवं ममता भयडिया सहित विभागीय अमले का महत्वपूर्ण योगदान रहा.






# मोदी सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा की जिला स्तरीय कार्यशाला

**5 से 21 जून तक चलेंगे जन उत्सव कार्यक्रम, घर-घर पहुंचाई जाएंगी भाजपा सरकार की उपलब्धियां**

**धार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बुधवार को भाजपा जिला कार्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला को केंद्रीय राज्यमंत्री क्षेत्रीय सांसद सावित्री ठाकुर, भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती संगठन जिला प्रभारी सुभाष कोठारी, धार विधायक नीना वर्मा ने संबोधित किया। कार्यशाला का शुभारंभ भारत माता , पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ किया गया।

जिलाध्यक्ष निलेश भारती ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 12 सफल वर्ष पूरे किए हैं। इन वर्षों में भारत ने विकास और वैश्विक प्रतिष्ठा के नए आयाम स्थापित किए हैं तथा समाज के प्रत्येक वर्ग तक योजनाओं का लाभ पहुंचा है। उन्होंने बताया कि 5 जून से 21 जून तक 卐जन उत्सव卐 अभियान के तहत जिलेभर में विभिन्न संगठनात्मक एवं जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव एवं घर-घर पहुंचकर केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाएंगे।

केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर ने कहा कि मोदी सरकार के 12 वर्ष ऐतिहासिक निर्णयों और जनकल्याणकारी कार्यों के लिए याद किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के हर वर्ग के विकास के साथ शासन व्यवस्था में भी व्यापक बदलाव आया है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। सावित्री ठाकुर ने कहा कि धार जिले में रेल परियोजना का सपना भाजपा सरकार साकार कर रही है, जिससे क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी। उन्होंने बदनावर में देश के पहले पीएम मेगा मित्र टेक्सटाइल पार्क की स्थापना को जिले के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए कहा कि इससे रोजगार और औद्योगिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही भोजशाला में प्रस्तावित माँ सरस्वती लोक निर्माण को संस्कृति, आस्था और सभ्यता के संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

जिला प्रभारी सुभाष कोठारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लगातार 12 वर्षों तक देश का नेतृत्व करते हुए भारत की ताकत और प्रतिष्ठा को विश्व मंच पर नई पहचान दिलाई है।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत, उज्वला योजना एवं मुफ्त राशन जैसी योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव, पूर्व विधायक वेलसिंह भूरिया, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभु राठौड़ एवं दिलीप पटोंदिया, जिला महामंत्री देवेंद्र सोनोने व राकेश पटेल अभियान जिला टोली से कपिल निनामा डॉ अमृत पाटीदार श्रीमती रोमा मंडलोई रितेश अग्निहोत्री पियूष सोनगरे विशेष रूप से उपस्थित रहे।

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा ने बताया गया कि 卐12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के卐 अभियान के अंतर्गत 5 जून से 21 जून तक जिलेभर में वृक्षारोपण, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, प्रदर्शनी, मीडिया संवाद, विशेष जनसंपर्क अभियान एवं विभिन्न जनजागरण कार्यक्रम तथा जन कल्याण शिविर प्रबुद्धजन सम्मेलन प्राकृतिक खेती कार्यशाला आयोजित किए जाएंगे।

कार्यशाला का संचालन पीयूष सोनगरा ने किया तथा आभार भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं टोली संयोजक कपिल निनामा ने माना। यह जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी संजय शर्मा व जिला सह मीडिया प्रभारी मनोज सोलंकी कवि ने दी।

# नगर परिषद बदनावर को मिला नवीन शव वाहन




**बदनावर।** नगरवासियों की लंबे समय से चली आ रही आवश्यकता को पूरा करते हुए मध्य प्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग विभाग के कैबिनेट मंत्री एवं रतलाम विधायक *श्री चैतन्य काश्यप* द्वारा की गई घोषणा के अनुरूप आज *काश्यप स्वीटनर्स प्रा. लि.* के माध्यम से नगर परिषद बदनावर को नवीन शव वाहन प्रदान किया गया।

उल्लेखनीय है कि परम पूज्य *गुरुदेव श्री 1008 अवधूत श्री नर्मदानंद जी बप्पा* के बदनावर प्रवास के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री शेखर यादव ने नगर में शव वाहन की आवश्यकता से मंत्री श्री चैतन्य काश्यप को अवगत कराया था। जनहित की इस मांग पर मंत्री श्री काश्यप ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए तत्काल शव वाहन उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की थी।

घोषणा के अनुरूप आज काश्यप स्वीटनर्स प्रा. लि. के कार्यकारी निदेशक श्री राजीव गोरवाडा ने नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री शेखर यादव एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी लालसिंह राठौर को शव वाहन की चाबी सुपुर्द कर वाहन प्रदान किया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने इस जनकल्याणकारी सहयोग के लिए कश्यप परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

नगरवासियों ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि नवीन शव वाहन उपलब्ध होने से अंतिम संस्कार जैसी संवेदनशील परिस्थितियों में नागरिकों को सम्मानजनक एवं सुगम सुविधा प्राप्त होगी। यह सेवा विशेष रूप से जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी तथा नगर परिषद की जनसेवा को और अधिक सशक्त बनाएगी।



# भक्ति का चश्मा लगते ही कण-कण में दिखते हैं सिया-राम : आचार्य गोपाल कृष्ण उपाध्याय

**कुक्षी। इच्छा पूर्ण हनुमान जी मंदिर के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर मंदिर प्रांगण में आयोजित भव्य रामकथा के तीसरे दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कथाचार्य आचार्य गोपाल कृष्ण उपाध्याय जी ने अपनी अमृतमयी वाणी से उपस्थित जनसमुदाय को भावविभोर कर दिया।**

श्रोताओं को कथा का रसपान कराते हुए आचार्य श्री ने कहा कि जब ज्ञान की आँखों पर भक्ति का चश्मा च? जाता है, तो संसार के कण-कण में सिया-राम नजर आने लगते हैं। उन्होंने जीवन में समय, भक्ति और अटूट विश्वास के महत्व पर प्रकाश डालते हुए समय की नश्वरता को समझाते हुए कहा कि हम सुबह से रात तक जो समय देखते हैं, वह केवल संसार का समय है। हमें यह विचार करना चाहिए कि हमारी जिंदगी का समय भी लगातार कम हो रहा है। वर्तमान में पुरुषोत्तम मास के समय का जो लाभ श्रद्धालुओं को मिल रहा है, उसकी तुलना स्वर्ग के सुखों से भी नहीं की जा सकती। मनुष्य के कई जन्मों के पुण्यों का जब उदय होता है, तब जाकर भगवान के दरबार में बैठकर रामकथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त होता है ।उन्होंने त्रेतायुग के एक प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि एक बार भगवान शिव के मन में अगस्त मुनि से रामकथा सुनने का भाव उत्पन्न हुआ था। इसके लिए महादेव माता सती के साथ स्वयं कैलाश से चलकर दक्षिण भारत में अगस्त मुनि के आश्रम पहुंचे थे। और आज का मनुष्य घर के पास आयोजन होने पर भी बाहर निकलकर कथा सुनने नहीं आता। हमें विचार करना होगा कि हम अपने जीवन को किस दिशा में ले जा रहे हैं ।आचार्य जी ने जोर देकर कहा कि जब तक जीवन में विश्वास की छाया नहीं आती, तब तक प्रभु की कृपा का अनुभव नहीं हो सकता। जो व्यक्ति पूर्ण विश्वास और निष्कपट भाव के साथ प्रभु श्री राम के चरणों की शरणागति लेता है, उसका हर लोक में कल्याण सुनिश्चित है ।आयोजन में सोनू गुप्ता,रविंद्र नाना गुप्ता,सुनील गुप्ता,उज्जवल सोनी,रवि गुप्ता,लाला गुप्ता,चिराग गुप्ता,संतोष गुप्ता मंदिर उत्सव समिति एवं बालाजी महिला मंडल सक्रियता के साथ जुटे हुए है।

# आज तिलगारा में समारोहपूर्वक मनाई जाएगी स्व. प्रेमसिंह दत्तीगांव की जयंती

**बदनावर। पूर्व विधायक स्व प्रेमसिंह दत्तीगांव की जयंती गुरुवार को क्षेत्र के गांव तिलगारा में समारोहपूर्वक मनाई जाएगी। इस मौके पर 15 करोड लॉगत से बनने वाले आईटीआई कॉलेज भवन भूमिपूजन समेत ग्राम पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया जाएगा। आयोजन सुबह 11 बजे से सरदार पटेल मांगलिक भवन में शुरू होगा।**



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर रहेगी। विशेष अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष महंत निलेश भारती, जिला पंचायत अध्यक्ष सरदार सिंह मेडा, जिला पंचायत सदस्य टीना कुलदीपसिंह पिपलीपाड़ा, ग्रामीण भाजपा मंडल अध्यक्ष गोविंदसिंह रघुवंशी, जनपद अध्यक्ष आशाकुंवर डॉ प्रह्लादसिंह सोलंकी, जनपद उपाध्यक्ष ममता शिव पाटीदार व जनपद सदस्य कन्हैयालाल मुनिया विशेष अतिथि रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री राजवर्धनसिंह दत्तीगांव करेंगे।

ग्राम पंचायत सरपंच निर्मला लखन पाटीदार व उपसरपंच त्रिलोक रावत ने जानकारी देते हुए बताया कि कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के लोग ब?ी संख्या में शामिल होंगे। स्वर्गीय प्रेमसिंह दत्तीगांव की जयंती मनाई जाएगी। इस अवसर पर अतिथियों द्वारा 15 करोड़ लागत से बनने वाले आईटीआई कॉलेज भवन का भूमिपूजन किया जाएगा। यहां भवन के साथ ही आवासीय छात्रावास व क्वार्टर का निर्माण होगा। इस मौके पर ग्राम पंचायत के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन भी अतिथियों द्वारा किया जाएगा। आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है।

**एक नजर में** ▶ सूचना प्रणाली और स्थानीय संसाधनों की मैपिंग आवश्यक - डॉ. खाडे

# सूचना प्रणाली और स्थानीय संसाधनों की मैपिंग आवश्यक : डॉ.खाड़े

**धार,** संभागायुक्त डॉ. सुदाम खाडे की अध्यक्षता में बुधवार को अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए मानसून पूर्व तैयारियों की समीक्षा बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई। बैठक में संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायत के मुख्यपालन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों से कहा कि सूचना प्रणाली विकसित करते हुए स्थानीय संसाधनों को प्रमुखता से मैपिंग करें। जल भराव जैसी स्थिति पर नियंत्रण के लिए कम्यूनिकेशन प्लान पहली जरूरत है। साथ ही ब? बांधों पर कंट्रोल रूम स्थापित किया जाता है, इसके अलावा जिला स्तर पर बने कंट्रोल रूम में तैनात कर्मचारियों का आपसी समन्वय कारगर साबित होगा। जिले से कलेक्टर श्री राजीव रंजन मीना, पुलिस अधीक्षक श्री सचिन शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री



अभिषेक चौधरी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक में संभागायुक्त डॉ. खाड़े ने संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स द्वारा अतिवर्षा और बा? की स्थिति से निपटने के लिए मानसून पूर्व की गई तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए किए अतिवर्षा और बा? की स्थिति में जान-माल की हानि नहीं हो, यह सुनिश्चित करने के लिए समय रहते सूचना तंत्र की पुख्ता व्यवस्था की जाए। बा? उन्मुख नदियों के लेवल पर निगरानी रखी जाए। बा? संवेदनशील क्षेत्रों का पुन- आकलन कर राहत शिविर लगाए जाये। बा? नियंत्रण कक्ष द्वारा सतत निगरानी की जाये। सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। वर्षा के पूर्व एनडीआरएफ(राष्ट्रीय आपदा मोचन बल) की टीमों को तैनात किया जाए। आपदा स्थिति में बचाव के लिए ड्रोन कैमरों के माध्यम में निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि वर्षाकाल के पूर्व नदी-नालों की सफाई की जाए, उनमें से गाद निकाली जाए। नालों और तालाबों के आसपास से अतिक्रमण हटाया जाये। जीर्ण-शीर्ण या जर्जर मकानों का चिन्हांकन किया जाए, खतरनाक स्थिति में नगर पालिका एवं निगमों के माध्यम से उन्हें हटाया जाए। संभागायुक्त डॉ. खा? ने कहा कि बा? एवं आपदा की आशंका को देखते हुए छोटे बच्चे एवं महिलाओं की सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए पूर्व में मुनादी करवायी जाए। इस कार्य में वन विभाग सहित अन्य विभागों का सहयोग लिया जाए।

बैठक में पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग ने पुलिस अधीक्षकों को निर्देश देते हुए कहा कि अतिवर्षा और बा? से निपटने के पूर्व सभी अधिकारी एक्शन प्लान बनाकर सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जर्जर पुल-पुलिया, रपट, घाटों आदि स्थानों का चिन्हांकन कर सूचना बोर्ड लगाये जाये। आपदों से बचाव के संबंध में सामान्य जानकारियों का व्यापक प्रचार-

प्रसार किया जाए। इस कार्य में सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जाए। आपदा की स्थिति में नागरिकों के पुनर्वास हेतु आसपास के धर्मशाला एवं पुनर्वास केन्द्रों की व्यवस्था की जाए। एसडीआरएफ की टीमों द्वारा ग्रामीणों को सुरक्षा संबंधित बचाव कार्यों के लिए सतर्कता उपाय बताये जाए। गोताखारों और तैराकों को हमेशा अलर्ट रखें। ग्रामीणों और पशुधन की सुरक्षा के लिए बांधों द्वारा पानी छो?ने के पूर्व निचले इलाकों के रहवासियों को सूचित किया जाए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक श्री अनुराग ने अधिकारियों से कहा कि आगामी दिनों में मनाये जाने वाले मुहर्रम के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनायी रखी जाए। असामाजिक तत्वों के खिला? प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की जाए।